प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान

इंदिरा ब्रिज के पास, भाट गांव, गांधीनगर-382428, गुजरात, भारत

विज्ञापन सं. 06/2021

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान भौतिकी में पीएचडी डिग्री हेतु आवेदन आमंत्रित करता है- 2021

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर), परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत एक प्रमुख वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान है, जो भाट गाँव, गांधीनगर, गुजरात में स्थित है। आईपीआर सामाजिक कल्याण और संलयन अनुसंधान के लिए प्लाज़्मा प्रौद्योगिकियों के विकास में लगा हुआ है। इस संस्थान ने आदित्य और SST-1 टोकामॅक स्वदेश में ही विकसित किए हैं। यह ITER (इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर, कडराच फ्रांस) की एक देशीय संस्था है और अंतर्राष्ट्रीय LIGO (लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल ऑब्जर्वेटरी) प्रोग्राम में सहायता संघ का एक सदस्य भी है। गांधीनगर, गुजरात में औद्योगिक प्लाज़्मा प्रौद्योगिकी सुविधा केन्द्र (FCIPT) और गुवाहाटी में प्लाज़्मा भौतिकी केंद्र (CPP) में इसकी प्रयोगशालाओं का विस्तार हैं। डस्टी प्लाज़्मा, लेजर-प्लाज़्मा अंतर्क्रिया, औद्योगिक प्लाज़्मा, फ्यूजन प्लाज़्मा, टोकामॅक और रेडियोफ्रीक्वेंसी डिस्चार्ज एवं एप्लिकेशन आदि जैसे विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों में आईपीआर में सैद्धांतिक, प्रायोगिक और कम्प्यूटेशनल प्लाज़्मा भौतिकी में डॉक्टरेट अनुसंधान हेतु अत्यधिक प्रेरित विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित हैं।

शैक्षिक योग्यता: भौतिकी, इंजीनियरिंग भौतिकी या अनुप्रयुक्त भौतिकी (एप्लाइड फिज़िक्स) विषयों में से किसी एक में न्यूनतम 60% अंकों के साथ एमएससी.(M.Sc.)डिग्री। विद्यार्थियों द्वारा स्नातक स्तर पर भौतिकी और गणित विषय पढ़ा होना चाहिए। वर्ष 2021 में मास्टर डिग्री(M.Sc.) की अपेक्षा रखने वाले उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं।

पात्रता मानदंड: उम्मीदवारों को राष्ट्रीय स्तर की निम्न परीक्षाओं में से, कम से कम एक में उत्तीर्ण होना चाहिए: (i) JEST - 2021 (भौतिकी में) (ii) भौतिकी में GATE (पेपर कोड PH) 2019/2020/2021 के लिए मान्य और (iii) जून 2020 में भौतिक विज्ञान(विषय कोड PHY) में CSIR - UGC-JRF-NET ।

आयु सीमा: 1 अगस्त 2021 को 26 वर्ष से अधिक नहीं (01/08/1995 को या उसके बाद जन्म)। भारत सरकार के आदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति(SC)/अनुसूचित जनजाति(ST)/अन्य पिछड़ा वर्ग(OBC)/पीडब्ल्यूडी(PWD) आदि के लिए आयु में छूट स्वीकार्य है।

आयु में छूट: SC/ST - 5 वर्ष; OBC-3 वर्ष और सभी श्रेणियों की विकलांगता (PWD) वाले व्यक्ति - 10 वर्ष।

चयन प्रक्रिया: प्राप्त आवेदनों में से शॉर्टलिस्ट किये गये उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

साक्षात्कार: साक्षात्कार ऑनलाइन [OI] माध्यम से आयोजित किया जाएगा। ऑनलाइन-साक्षात्कार 8 नवंबर 2021 से शुरू होंगे। ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए सटीक तारीखों की

घोषणा आईपीआर वेबसाइट पर की जाएगी और साथ ही शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को इसकी सूचना ईमेल द्वारा दी जाएगी। ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए दिशा-निर्देश यहां देखे जा सकते हैं (http://www.ipr.res.in/PHD2021/guidelines.php)।

आवेदन पत्र: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरें, जो आईपीआर वेबसाइट http://www.ipr.res.in/documents/jobs_career.html (विज्ञापन सं. 06/2021) में उपलब्ध हैं।

छात्रवृत्ति और सुविधाएं: पीएचडी काल के पहले दो वर्षों के दौरान एक समेकित छात्रवृत्ति 31,000/- रुपये प्रति माह और उसके अगले तीन वर्षों के लिए 35,000/- रुपये प्रति माह। पुस्तक अनुदान 40,000/- रुपये प्रति वर्ष। विद्यार्थियों को चिकित्सा सुविधा मामूली शुल्क पर उपलब्ध कराई जाएगी। आईपीआर नियमों के अनुसार उन उम्मीदवारों को आवास किराया भत्ता (एचआरए) दिया जाएगा, जो आईपीआर छात्रावास में रहने का विकल्प नहीं चुनते हैं।

छात्रावास में आवास: चयनित उम्मीदवारों के लिए आईपीआर परिसर के छात्रावास में रहने की सीमित सुविधा उपलब्ध हैं। छात्रावास में आवास हेतु महिला एवं पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन पत्र में आवास संबंधी अपनी पसंद का उल्लेख करें।

याद रखने हेतु महत्वपूर्ण तारीख़ें:

1. ऑनलाइन आवेदन आरंभ की तारीख: **13सितंबर** 2021 **(समय: सुबह** 10:00 **बजे, IST)**
2. ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख: 4 **अक्टूबर** 2021 **(समय: शाम** 5:00 **बजे IST)**
3. ऑनलाइन-साक्षात्कार आरंभ होने की तारीख: 8 **नवंबर** 2021

उपरोक्त से संबंधित कोई भी प्रश्न हो तो कृपया iprphd@ipr.res.in पर लिखें।

<u>**महत्वपूर्ण सूचना: देश में वर्तमान और भावी Covid19 की स्थिति के आधार पर उपरोक्त उल्लिखित सभी तारीख़ें (आयु सीमा को छोड़कर) अल्प अवधि में सूचना देकर बदली जा सकती हैं। कृपया महत्वपूर्ण जानकारी के लिए इस वेबसाइट को देखते रहें।**</u>